कार्यालय प्राचार्य डॉ.मनराखन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय
जामुल भिलाई जिला दुर्ग
Email id –mlsjamulcollege@gmail.com

प्रेस विज्ञप्ति

डॉक्टर मनराखनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय जामुल में बीएससी बायोलॉजी संकाय खुला

डॉक्टर मनराखनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय जामुल की स्थापना सन 2018 में हुई तब से यहां बीए , बीकॉम और बीएससी (गणित)की पढ़ाई हो रही है। प्रारंभ से ही यहां बीएससी बायोलॉजी की कमी महसूस हो रही थी। जामुल व आसपास के सभी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में बायोलॉजी की पढ़ाई होती है कक्षा बारहवीं उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को बीएससी बायोलॉजी में अध्ययन करने के लिए दूरस्थ कॉलेजों में जाना पड़ता है।अतः छात्रों से समय-समय पर यह मांग आती रहती थी कि यहां बीएससी बायोलॉजी का कोर्स संचालित किया जाए। इसी को ध्यान रखते हुए संस्था के प्राचार्य डॉ. पी. डी. सोनकर जी ने शासन से पत्र व्यवहार कर छात्र हित में हमारे महाविद्यालय में बीएससी बायोलॉजी कोर्स संचालित करने का आग्रह किया ।शासन से अक्टूबर 2023 में इस संबंध में आदेश जारी किया गया । माह जून में हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग ने नवीन पाठ्यक्रम संबद्धता हेतु निरीक्षण समिति का गठन किया। इस समिति की समन्वयक डॉ.उषा चंदेल (सहायक प्राध्यापक)शासकीय डॉ .वा. वा. पाटणकर कन्या महाविद्यालय एवं सदस्य डॉ.राजमणि पटेल (उप कुलसचिव) हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग ने हमारे महाविद्यालय का दौरा किया ।यहां बीएससी बायोलॉजी संकाय के अध्ययन अध्यापन हेतु पर्याप्त संसाधन और तैयारी से समिति संतुष्ट हुई और यहां बीएससी बायोलॉजी संकाय खोलने की अनुशंसा शासन को प्रेषित की। अब वर्तमान सत्र 2023_24 से ही बीएससी बायोलॉजी प्रथम वर्ष में कुल 90 सीटों में पात्र विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश हेतु 10 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

प्राचार्य
Principal
Dr. M.L.S. Govt. College-Jamul
Distt.-Durg (C.G.)
डॉ.मनराखन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय
जामुल भिलाई जिला दुर्ग